हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 18 फरवरी 2026

12 बीएएमएस छात्रों से हड़ताल में किया एक 'वादा' पूरा, रोडवेज 'बस चालू'



12 विकास के लिए अच्छी सड़कों का होना जरूरी



## खबर संक्षेप

### वकील को मारने की धमकी देने पर केस दर्ज

**नारनौल।** जिला न्यायालय में प्रेक्टिस करने वाले एक वकील को दो माह से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इस बारे में पीड़ति वकील ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जिला न्यायालय में कार्यरत वकील प्रमोद कुमार यादव ने थाना सिटी के एसएचओ को शिकायत देकर बताया कि उन्हें दिसंबर 2025 में एक मोबाइल नंबर से कई बार कॉल आई और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। तब उसे जान से मारने और वकालत छोड़ने की धमकी दी गई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 17 दिसंबर 2025 को महावीर पुलिस चौकी में शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 6 जनवरी और 27 जनवरी 2026 को भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित शिकायत दी गई, परंतु एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

### ट्रैक्टर अनुदान का ऑनलाइन ड्रा 20 को

**नारनौल।** हरियाणा सरकार न केवल खेती किसानी को लाभप्रद बना रही है, बल्कि समाज के वंचित वर्गों को भी मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति के किसानों को नए ट्रैक्टर की खरीद पर भारी अनुदान देने की योजना को अब अमलीजामा पहनाया जा रहा है। विभाग की ओर से अनुसूचित जाति के किसानों को नए ट्रैक्टर की खरीद पर अनुदान देने के लिए लाभार्थी किसानों का चयन करने के लिए ऑनलाइन ड्रा 20 फरवरी को लघु सचिवालय में निकाला जाएगा।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में कन्वेंशन 22 को

**नारनौल।** राष्टीय बौद्ध महासभा व सावित्री बाईं ज्योतिबा फुले फांउडेशन के तत्वावधान में 22 फरवरी को डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन मालवीय नगर में शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार के निजीकरण के खिलाफ कन्वेंशन होगी। प्रधान शेरसिंह अध्यक्ष राष्टीय बौद्ध महासभा व कामरेड सुभाष चंद्र एडवोकेट प्रधान सावित्री बाई ज्योतिबा फुले फांउडेशन ने बताया कि शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार मनुष्य की मुलभूत सुविधा है।

### करीरा में हनुमान मेले का आयोजन

**कनीना।** गांव करीरा स्थित राजा वाली बणी में मंगलवार को बाबा हनुमान के धार्मिक मेले का आयोजन किया गया। फाल्गुन माह की अमावस्या के दिन आयोजित इस मेले में बीती रात्रि जागरण हुआ। वहीं मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। एडवोकेट संत कुमार ने बताया कि मेले में कबड्डी, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, बूढ़ों की दौड़, रस्साकशी की प्रतियोगिता भी कराई गई।

# दो मुद्दे: बकाया फीस मामले में शिक्षण संस्थान का पक्ष भी सुने प्रशासन, स्कूल टाइम कोचिंग सेंटर रहे बंद

## सीबीएसई व हरियाणा शिक्षा बोर्ड से जुड़े स्कूलों की दो यूनियनों ने उपायुक्त के सामने रखा पक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों की फीस नहीं मिलती। अभिभावक पर जब शिक्षण संस्थान फीस का दबाव डालते है तो अक्सर इस तरह की शिकायत सरकारी कार्यालयों में पहुंच जाती है। इसी बात की टेंशन प्राइवेट स्कूल चल रहे मालिकों को हो रही है। इसी बात को लेकर प्रोग्रेसिव प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन ने मंगलवार उपायुक्त से मुलाकात की। उनके साथ हरियाणा शिक्षा बोर्ड से जुड़ी प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन नारनौल की भी उपस्थिति रही। इस बातचीत के दौरान स्कूल टाइम में कोचिंग सेंटर खुले होने का मुद्दा भी उठा। जिस पर उपायुक्त गंभीर नजर आए। उपायुक्त ने इन मुद्दों को लेकर बुधवार जिला शिक्षा अधिकारी को कार्यालय में बुलाया है ताकि मामले का समाधान किया जा सके।

### शुल्क विवाद पर निष्पक्ष सुनवाई की मांग

इस दौरान एसोसिएशन के प्रधान अनिल कौशिक, उपप्रधान राजकुमार यादव व सचिव हितेश वर्मा ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि बढ़ते मामलों में कुछ अभिभावक विद्यालय शुल्क का लंबे समय तक भुगतान नहीं करते हैं और उसके बाद विभिन्न सरकारी कार्यालयों में शिकायत लेकर पहुंचते हैं। इसके बाद संबंधित विद्यालयों को किसी एक के लिए निर्देश जारी कर दिए जाते हैं, जिनमें बकाया शुल्क की वसूली के बिना ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) तथा अन्य आधिकारिक छात्र दस्तावेज जारी करना अथवा विधिवत देय लंबित शुल्क को माफ करना। ऐसे में प्रशासन से मांग है कि दोनों पक्षों को सुने, उसके बाद ही निर्देश जारी करें। जब बिना दूसरा पक्ष (स्कूल प्रशासन) सुने कार्रवाई की जाती है तो उसके परिणाम शिक्षण संस्थान के लिए हर लिहाज से नुकसान दायक होते है। जैसे जानबूझकर शुल्क न चुकाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने वाली अनुचित परंपरा स्थापित होती है। संस्थानों में वित्तीय अनुशासन प्रभावित होता है। विद्यालयों और अभिभावक समुदाय के बीच विश्वास की कमी उत्पन्न होती है। विद्यालयों की संचालन संबंधी व्यय आवश्यकताओं जैसे कर्मचारियों के वेतन, वैधानिक अनुपालनों, अवसंरचना रखरखाव तथा शैक्षणिक संसाधनों को पूरा करने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

### एसोसिएशन ने मांग मत्र में ये रखी मांक

- 8 एसोसिएशन ने डीसी को दिए मांग पत्र में कहा कि निजी अनुदानरहित विद्यालय शुल्क आधारित आय पर संचालित होते हैं।
- प्रत्येक शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में विद्यालय अपनी वित्तीय योजना तैयार करते हैं।
- लंबे समय तक शुल्क बकाया रहने और बिना सत्यापन शुल्क माफी के निर्देश देने से संस्थान की आर्थिक स्थिरता प्रभावित होती है।
- नियमित रूप से शुल्क जमा करने वाले अभिभावकों के प्रति निष्पक्षता पर भी असर पड़ता है।
- सदस्य विद्यालय वास्तविक आर्थिक संकट के मामलों में सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के लिए तत्पर रहते हैं।
- प्रशासनिक मंचों के दुरुपयोग को रोकने की आवश्यकता जताई गई।संस्थागत अनुशासन और आपसी विश्वास बनाए रखने के लिए समान प्रक्रिया और तर्कसंगत निर्णय जरूरी बताए।
- प्रोग्रेसिव प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन ने जिला प्रशासन के साथ समन्वयपूर्वक कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई।
- निष्पक्षता, संतुलन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट प्रक्रियात्मक दिशा-निर्देश बनाने का अनुरोध किया।
- बैठक में सीबीएसई व हरियाणा शिक्षा बोर्ड से जुड़े दोनों एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।
- प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन नारनौल के भीमसेन शर्मा, कोषाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### यह रखी मांग

- शुल्क विवादों से संबंधित शिकायतों की जांच दोनों पक्षों अभिभावक तथा संबंधित विद्यालय प्रबंधन को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के बाद ही निष्पक्ष रूप से की जाए।
- शुल्क माफी के किसी भी निर्देश से पूर्व संबंधित अभिभावक की आर्थिक स्थिति का उचित आय प्रमाण पत्र एवं आधिकारिक अभिलेखों के माध्यम से सत्यापन किया जाए।
- वास्तविक आर्थिक कठिनाई के मामलों में उपयुक्त तंत्र अपनाया जा सकता है तथापि विद्यालयों के संविदात्मक अधिकारों की भी सुरक्षा की जाए।
- जहां अभिभावक भुगतान के लिए अतिरिक्त समय की मांग करें, वहां उनसे विद्यालय को उचित आश्वासन देने के लिए कहा जाए। जैसे कि भुगतान अनुसूची दर्शाने वाला लिखित उपक्रम (अंडरटेकिंग) या विधिवत हस्ताक्षरित पोस्ट-डेटेड सुरक्षा चेक ताकि जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

## 15 दिन में जवाब नहीं देने पर एक तरफा कार्रवाई का अल्टीमेटम

# एनसीसी विवाद में नांगल चौधरी स्कूल प्राचार्य को चार्जशीट

- दाखिलों से वंचित होने पर अभिभावकों व विद्यार्थियों ने धरना-प्रदर्शन किया तथा प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी

***एनसीसी अधिकारी को पदमुक्त करने और अशोभनीय बर्ताव और स्कूल से एनसीसी वापस लेने की सिफारिश पर विभाग का कड़ा संज्ञान, कर्मचारी आचरण एक्ट की लटकी तलवार***



नांगल चौधरी। राजकीय वरिष्ठ विद्यालय। फोटो : हरिभूमि

**खास बातें**

- प्राचार्य की गतिविधियों से विद्यार्थियों के शैक्षणिक नुकसान पर विभाग ने असंतोष जताया।
- प्राचार्य ने एनसीसी अधिकारी को पदमुक्त किया, जिस पर कमांडेंट ने आपत्ति दर्ज कराई।
- स्कूल में 60 वर्षों से 50 एनसीसी दाखिलों की अनुमति ; ए ग्रेड सर्टिफिकेट से आर्मी व अन्य विभागों में बोनस अंक मिलते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

माध्यमिक शिक्षा विभाग के महानिदेशक ने नांगल चौधरी सीनियर सकेंडरी स्कूल के प्राचार्य बस्तीराम को चार्जशीट कर दिया। साथ ही उन्होंने निर्धारित आरोपों का जवाब 15 दिन में व्यक्तिगत उपस्थिति से देना होगा। आदेशों की अनदेखी करने पर एक तरफा कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दिया है। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर कर्मचारी आचरण एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्राचार्य की गतिविधियों पर असंतोष व्यक्त किया है जिससे विद्यार्थियों का शैक्षणिक नुकसान हुआ है।

आपको बता दें कि सीनियर सकेंडरी स्कूल में करीब 60 साल से 50 दाखिलों की अनुमति है। पंजीकृत दाखिलों पर विभाग ए ग्रेड सर्टीफिकेट मुहैया कराता है जिससे आर्मी व अन्य विभागों की मैरिट में बोनस अंक मिलते हैं। लेकिन बस्तीराम ने बतौर प्राचार्य चार्ज संभालते ही एनसीसी के दाखिलों पर रोक लगा दी तथा विभाग को एनसीसी वापस लेने की सिफारिश भेज दी। दाखिलों से वंचित होने पर अभिभावकों व विद्यार्थियों ने धरना-प्रदर्शन किया तथा प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी। जिससे आक्रोशित प्राचार्य ने एनसीसी अधिकारी को पदमुक्त कर दिया, जिस पर एनसीसी कमांडेंट ने आपत्ति भी दर्ज करवाई। बावजूद प्राचार्य ने अपना निर्णय नहीं पलटा तथा कमांडेंट के साथ अशोभनीय बर्ताव करना आरंभ कर दिया। एनसीसी में दाखिलों के लिए आवेदन करने पर बच्चों को धमकाने व परिणाम भुगतने के आरोप अभिभावकों ने दर्ज कराए है। जिसकी शिकायत मिलने पर विभाग के महानिदेशक ने प्राचार्य बस्तीराम को चार्जशीट कर दिया तथा उन्हें पत्र भेजकर निर्धारित आरोपों का जवाब 15 दिनों में देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आरोपित प्राचार्य को व्यक्तिगत उपस्थित होकर जवाब देने की छूट दी है, लेकिन उन्हें मामले से जुड़े दस्तावेज ही दिखाना संभव हो पाएगा। लिखित स्पष्टीकरण देने में देरी करने या संतोषजनक कारण प्रस्तुत नहीं करने पर आरोपों को सही मान लिया जाएगा तथा कर्मचारी आचरण एक्ट के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### महानिदेशक ने मांगा जबाब

बीईओ विकास जयदीप सिंह ने बताया कि नांगल चौधरी सीनियर सकेंडरी स्कूल के प्राचार्य बस्तीराम को विभाग के महानिदेशक ने चार्जशीट कर दिया है। आदेशों की कॉपी प्राचार्य को सीधी उपलब्ध करवा दी तथा उन्हें सीधे महानिदेशक को ही स्पष्टीकरण देना है। उन्होंने बताया कि स्पष्टीकरण के बाद विभाग आरोपों की सत्यता का मूल्यांकन करेगा तथा उसके अनुसार ही कार्रवाई पर विचार किया जाएगा।

### चार्जशीट आर्डर मिल गए, व्यक्तिगत सुनवाई में दूंगा स्पष्टीकरण

इस संबंध में आरोपित प्राचार्य बस्तीराम ने बताया कि एनसीसी वापस लेने की कभी सिफारिश नहीं की और ना ही बच्चों को दाखिला लेने से रोका है। एनसीसी अधिकारी की अनियमिताओं की शिकायत मिलने पर उन्हें पदमुक्त किया गया था। इस मामले में विभाग ने पहले भी जवाब-तलब किया था, जिसका जवाब रजिस्ट्रड डाक से भेजा था। अब महानिदेशक ने व्यक्तिगत उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि विभागीय आदेशानुसार निर्धारित अवधि में बयान दर्ज करवा दूंगा।

# अटेली में खुलेगा एक्सईएन कार्यालय

- एक्सईएन स्तर के कार्यों के लिए अटेली क्षेत्र की जनता को नारनौल नहीं जाना पड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र से एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। अब अटेली में बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) का कार्यालय खोला जाएगा। इसके पश्चात एक्सईएन स्तर के कार्यों के लिए अटेली क्षेत्र की जनता को नारनौल नहीं जाना पड़ेगा और उनके कार्य घरद्वार के नजदीक ही हो जाएंगे। इस कार्य का श्रेय सीधे तौर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों को जाता है। इससे क्षेत्र के हजारों बिजली उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और शिकायतों का समाधान पहले की अपेक्षा अधिक तेजी से हो सकेगा। बता दें कि दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा 17 नए ऑपरेशन डिवीजन गठित करने का निर्णय लिया गया है।



मंडी अटेली। अटेली का उपमंडल स्तर का कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### अटेली में एक्सईएन कार्यालय शुरू

बढ़ते बिजली कनेक्शनों और कार्यभार को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। नई व्यवस्था के तहत संबंधित मुख्य अभियंताओं को आवश्यक आधारभूत ढांचा तैयार कर डिवीजनों को शीघ्र क्रियाशील करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अटेली को भी यह महत्वपूर्ण सुविधा मिली है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पहले छोटी-छोटी समस्याओं के लिए भी उन्हें दूर–दराज के कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। फॉल्ट, बिलिंग गड़बड़ी, ट्रांसफार्मर खराबी और नए कनेक्शन जैसी समस्याओं के समाधान में देरी होती थी। अब एक्सईएन स्तर के अधिकारी के स्थानीय स्तर पर बैठने से निर्णय प्रक्रिया तेज होगी और क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार आएगा। इस मौके पर ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एडवोकेट बबली यादव ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे दिन-प्रतिदिन अटेली के विकास के लिए कार्य कर रही हैं।

### जमानत पर आए युवक पर तेज धारदार हथियारों से हमला, गंभीर घायल

**नारनौल।** जमानत पर आए पटीकरा के एक युवक पर दूसरे गुट के युवकों ने लाठी–डंडों एवं तेज धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान राहुल उर्फ चीकू के रूप में हुई है, जिसे नागरिक अस्पताल ले जाया गया,जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। घायल के भाई सोनू ने बताया कि राहुल को जमानत पर घर लाया गया था। शाम के समय कुछ लोग पहले स्कॉर्पियो गाड़ी में आए। उसके बाद सफेद रंग की कैंपर और फिर थार में अन्य युवक भी पहुंचे। आरोप है कि हमलावरों ने तेजधार हथियारों से राहुल पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पर परिजनों के साथ भी धक्का-मुक्की की गई।

## सीआरपीएफ के जवान ने एमपी के शिवपुरी में की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गांव बड़कोदा निवासी सीआरपीएफ जवान ने मध्यप्रदेश के शिवपुरी में आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। आत्महत्या की सूचना मिलने के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शव लाने उपरांत मंगलवार को जवान का पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

जानकारी मुताबिक गांव बड़कौदा निवासी करीब 48 वर्षीय जोगेंद्र सिंह वर्ष 2004 में सीआरपीएफ में लगे थे। इसके बाद उनकी देश के अनेक राज्यों में ड्यूटी रही। वे फिलहाल मध्यप्रदेश के शिवपुरी में तैनात थे। वह कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। बताया जाता है कि सोमवार को जोगेंद्र सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते शिवपुरी में आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना शाम को परिजनों को दी गई। इसके उपरांत आवश्यक कार्रवाई कर शव को पैतृक गांव बड़कोदा लाया गया। गांव के सरपंच सहेंद्र सिंह ने बताया कि जोगेंद्र सिंह ने करीब 22 वर्षों तक देश की सेवा की है। उन्होंने बताया कि उनका स्वभाव बहुत ही अच्छा था। जोगेंद्र सिंह ने सुसाइड क्यों किया, इसका परिजनों को अभी पता नहीं चला है। सरपंच ने बताया कि जोगेंद्र सिंह के दो लड़के व एक लड़की हैं। दोनों लड़कों में एक लड़का दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम में लाइनमैन लगा हुआ है, जबकि दूसरा लड़का अभी पढ़ाई कर रहा है। वहीं लड़की की शादी हो चुकी है। बता दें कि जोगेंद्र सिंह के पिता लालचंद भी सीआरपीएफ से रिटायर हुए थे। माता–पिता जमीदारा करते हैं। उनकी पत्नी घरेलू महिला है।

# हाल ही में बनाए गए कनीना-कोसली स्टेट हाईवे दरका

ठेकेदार व विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालिया निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

हाल ही में बनाए गए कनीना-कोसली स्टेट हाईवे के जगह-जगह से दरकने के बाद रोड़ियां बिखर गई है जिनसे सड़क हादसों की आशंका बनी हुई है। रोड बनाने के कुछ समय बाद ही उसके हालात बदतर होने से ठेकेदार एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग गए हैं। टूटे रोड को लेकर वाहन चालकों तथा आमजन में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

बता दें की कनीना से कारोली मोड़ तक टूटे इस सड़क मार्ग को लोक निर्माण विभाग की ओर से बनाया गया है, जो पिछले लंबे समय से जर्जर अवस्था में था। बीते जुलाई-अगस्त माह में बारिश समय इसके हालात ओर अधिक बिगड़ गए थे। सड़क में बने गड्ढों से हादसों की संभावना बनी हुई थी। बढ़ते यातायात दबाव के कारण सड़क की हालत बदतर हो चली थी। कनीना-महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग एनएच 152डी से गुजरने वाले वाहन चालक भी यहां से आवागमन करते हैं। इसी प्रकार रामपुरी रजवाहे उन्हाणी के समीप लीकेज साइफन से सड़क टूटी हुई है। जहां घटित सड़क हादसों में दर्जनों निर्दोष व्यक्तियों की जाने जा चुकी हैं। इस लीकेज को रिमूव करने के लिए नहर विभाग की ओर से एस्टीमेट भेजा गया था।



कनीना। नवनिर्मित कनीना कोसली मुख्य मार्ग। फोटो : हरिभूमि

### मार्ग को जल्द ही दुरुस्त किया जाएगा

इस बारे में लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता नवल कुमार ने बताया कि कनीना-कोसली रोड उनके विभाग की ओर से बनाया गया था। रोड यहां टूटा हुआ था वहां पर भलिभांति मैटेरियल लगा है, जबकि जिस स्थान पर रोड की हालत ठीक थी, वहां से मैटेरियल हटने की शिकायत है। टूटे हुए इस मार्ग को जल्द ही दुरुस्त किया जाएगा।

## भू अधिग्रहण की प्रक्रिया चली, बिजली निगम, सिंचाई विभाग व वन विभाग समन्वय स्थापित बाधाओं को करें दूर

डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने ली अधिकारियों की बैठक

# नारनौल का बनेगा रिंग रोड: आईएमएलएच व मेडिकल कॉलेज की होगी कनेक्टिविटी

फॉलो अप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रदेश के सर्वांगीण विकास और सुगम यातायात के विजन को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन पूरी सक्रियता से जुटा हुआ है। इसी कड़ी में मंगलवार को उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में प्रस्तावित सिक्स लेन नारनौल बाईपास को विस्तार देने की परियोजना की समीक्षा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस बाईपास का निर्माण होने से न केवल शहर के निवासियों को भारी वाहनों के दबाव और जाम से स्थायी राहत मिलेगी, बल्कि यह क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए भी एक नई जीवन रेखा बनेगा। यह परियोजना जिला के लिए गेम चेंजर साबित होने वाली है।





नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी कैप्टन मनोज कुमार व आठ फरवरी को हरिभूमि में प्रकाशित समाचार।

### जमीन अधिग्रहित करने की प्रक्रिया जारी

बैठक के दौरान उपायुक्त ने भू अधिग्रहण की प्रगति का जायजा लिया और बताया कि अमरपुर जोरासी, बसीरपुर, गहली, कोरियावास, कुलताजपुर, टहला, मकसूसपुर, थाना व रघुनाथपुरा जैसे गांवों की जमीन अधिग्रहित करने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बिजली निगम, सिंचाई विभाग और वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपस में समन्वय स्थापित कर रास्ते में आने वाली बाधाओं और बिजली लाइनों के स्थानांतरण का कार्य समय सीमा के भीतर पूरा करें। कैप्टन मनोज कुमार ने स्पष्ट किया कि लगभग 11.96 किलोमीटर लंबे बाईपास के बनने से यात्रा के समय में 30 मिनट तक की बचत होगी और शहर के चारों तरफ एक मजबूत रिंग रोड का जाल बिछ जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के इस प्राथमिकता वाले प्रोजेक्ट में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।



# ऑस्कर विनर एक्टर के लिए अनुपम ने लिखा भावुक पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डुवैल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल ने 'द गॉडफादर' जैसी कल्ट फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से दुनिया भर में पॉपुलैरिटी बटोरी थी। एक्टर अनुपम खेर ने रॉबर्ट डुवैल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रॉबर्ट डुवैल की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'रॉबर्ट डुवैल ऐसे एक्टर थे, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए कभी शोर की जरूरत नहीं पड़ी। शांत, सटीक और बहुत सच्चे... वह हर रोल में जबरदस्त गहराई लेकर आए और पर्दे पर कमाल की छाप छोड़ी।

लाइफ Style



# मोना

## स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन में नजर आई हैं।

लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। मोना सिंह ने अपने कॅरियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपए की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।

हॉलीवुड मसाला



# डैनी के साथ शेयर की तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म 'जुमांजी 3' की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच 'द रॉक' के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। 17 फरवरी को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म 'जुमांजी 3' के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने डैनी और केविन हार्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज तेहरान से मिली थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** इस्राइली प्रोड्यूसर डाना ईडन का 52 साल की उम्र में निधन हो गया है। डाना एक होटल में मृत अवस्था में पाई गईं। वो एमी पुरस्कार विजेता जासूसी थ्रिलर 'तेहरान' की सह-निर्माता थीं। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'कान' ने डाना ईडन के निधन की जानकारी दी है। इसके मुताबिक, वो ग्रीस में 'तेहरान' के चौथे सीजन की शूटिंग कर रही थीं। डाना ईडन को इस्राइल की सबसे सफल और प्रभावशाली टेलीविजन प्रोड्यूसर्स में गिना जाता था। वह हिट सीरीज 'तेहरान' की सह-निर्माता और क्रिएटर थीं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जिनमें 'सेविंग्स द वाइल्डलाइफ', 'शी हैज इट', 'मैगपाई' और 'शाकशौका' जैसे शोज के जरिए उन्होंने अपनी पहचान बनाई। डाना ईडन ने अपने प्रोफेशनल पार्टनरशिप प्रोड्यूसर शूला स्पीगल के साथ मिलकर डोना और शुला प्रोडक्शंस की स्थापना की थी।



# आगे खिसकी गबरू की रिलीज डेट...

**मुंबई।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है।



# तुम्बाड 2 के लिए विलेन की तलाश जारी

**मुंबई।** साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड थिएटर के बाद डिजिटल पर जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी, एक्टिंग ने ऑडियंस और गहरी छाप छोड़ी थी। अब सोहम शाह इस तुम्बाड 2 बना रहे हैं। फिल्म पर काम इस साल की शुरुआत में शुरू हो गया है। अब विलेन के सिलेक्शन पर काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो तुम्बाड 2 के लिए धुरंधर के रहमान डकैत अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम सामने आ रहा है। दोनों में से कोई एक हॉरर फिल्म का विलेन बन सकता है। इस फिल्म से जुड़े सूत्र ने एक पोर्टल को जानकारी देते हुए बताया है कि तुम्बाड 2 में एक पावरफुल विलेन का किरदार अहम है। फिल्म की कहानी इसी किरदार के इर्द गिर्द रची गई है। इस विलेन का किरदार इंटेस और कई परतों से बना हुआ है।

टीवी मसाला



# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी...

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं, ताकि जश्न के दौरान वे पूरी तरह फ्री रह सकें। कृतिका अपनी नई फिल्म की शूटिंग खत्म करने में जुटी हैं, जबकि गौरव एक बड़े स्पोर्ट्स टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें। वहीं, गौरव कपूर भी अपने काम में व्यस्त हैं। वह इन दिनों एक बड़े स्पोर्ट्स इवेंट की मेजबानी कर रहे हैं और लगातार शूट व लाइव शेड्यूल में व्यस्त हैं।

## अवनीत कौर का मिस्ट्री मैन कौन

**नई दिल्ली।** अवनीत कौर ने इस वैलंटाइंस डे पर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसके बाद से उनके मिस्ट्री मैन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



हालांकि, अवनीत ने वो पोस्ट डिलीट तो कर दिया लेकिन अब वो सवालों के घेरे में फंस गई हैं। पहले तो उन्होंने वैलंटाइंस डे पर सरेआम प्यार का इजहार किया और फिर अपनी वो पोस्ट डिलीट कर डाली। बताया जा रहा है कि ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं, बल्कि राघव शर्मा हैं। हालांकि, भले अवनीत ने वो फोटो डिलीट कर दी लेकिन अब चर्चा है कि क्या एक्ट्रेस राघव शर्मा को डेट कर रही हैं? बताया जा रहा है कि राघव देसी म्यूजिक फैक्ट्री के को-फाउंडर हैं, जो साल 2022 से अवनीत के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं। एक्ट्रेस ने पहले तो पोस्ट किया लेकिन इसे लेकर शुरू होते बवाल को देखते हुए उन्होंने ये सबूत मिटाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक ये झलक चारों तरफ फैल चुकी थी। उस तस्वीर में अवनीत डाइनिंग टेबल के दूसरी तरफ बैठे एक शख्स का हाथ पकड़े नजर आ रही थीं और जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट किया लोगों ने स्क्रीनशॉट रख लिए थे।

# अभिषेक अब शाहरुख की किंग में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू मं अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे, जिसे लेकर अब अभिषेक बच्चन ने भी कन्फर्म कर दिया है। अभिषेक बच्चन ने 'किंग' में अपनी भूमिका पर भी बात की। उन्होंने हाल में आयोजित 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2026' के एक सेशन के दौरान अपने नए हेयरस्टाइल को लेकर बातें की। जब उनसे उनके नए लुक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि आपने मेरे बदले हुए लुक पर ध्यान दिया। जी हां, मैं फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं।' हालांकि उनसे ये भी पूछा गया कि क्या वो इस फिल्म के बारे में और बातें करना पसंद करेंगे? इसपर एक्टर ने ना में जवाब दिया और फिल्म के बारे में और कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया।



# अधूरी मोहब्बत की ताकत : सैड एंडिंग वाली फिल्में होती हैं सुपरहिट

**नई दिल्ली।** आज तक हम इस दुख में हैं कि गजनीमें कल्पना को अंत तक नहीं पता चल पाया कि सचिन ही संजय सिंहानिया है। हमें आज भी अफसोस होता है कि आमिर खान क्यों सही वक्त पर पहुंचकर आसिन को नहीं बचा पाए। तेरे नाम में जब राधे पागलखाने पहुंच जाता है और निर्जरा जहर पी लेती है, तो हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं। रांझणा में कुंदन का जोया के लिए आखिरी मोनोलॉग आज भी तीर की तरह हमें चुभता है। सनम तेरी कसम में सरस्वती को मरते देख हम सब आंसू बहाते हैं। कल हो ना हो में शाहरुख खान का किरदार अमन माथुर चल बसता है, लेकिन हम आज भी उस फिल्म को याद करते हैं। सदमा में जब ट्रेन से श्रीदेवी चली जाती हैं तो पीछे कमल हासन का छूटना हमें आज भी सताता है। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के किरदार को तड़पते देख हम भी दर्द महसूस करते थे, मगर ये सारी फिल्में सुपरहिट रहीं। एक विलेन, आशिकी 2, लैला मजनूं, मोहब्बतें जैसी तमाम फिल्में हैं, जिनमें हीरो या हीरोइन या दोनों की मौत हो जाती है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में शानदार प्रदर्शन करती हैं।




***लेकिन सवाल है:*** जब इन फिल्मों को देखकर हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं, फिर भी ये सैड एंडिंग वाली फिल्में सुपरहिट क्यों होती हैं? चलिए समझने की कोशिश करते हैं।

क्यों सुरक्षित रिश्ते लगते हैं बोरिंग, 'रजनीगंधा'ने 52 साल पहले समझा दिया था । इश्क़ दर्द और सिनेमा

***अधूरी मोहब्बत का आकर्षण :*** जब कोई प्यार पूरी तरह से पूरा नहीं होता या हमें हासिल नहीं हो पाता, तो हमारा दिमाग उसे खास मानने लगता है। साइक्लॉजी में इसे 'अप्राप्य वस्तुओं का आदर्शवाद' कहा जाता है। मतलब, जो चीज मुश्किल या नामुमकिन लगती है, हमारा दिमाग उसे ज्यादा परफेक्ट और रोमांटिक मानता है। इसलिए देवदास, रांझणा, सनम तेरी कसम जैसी अधूरी मोहब्बत की कहानी हमें ज्यादा याद रहती है और दिल को छू जाती है। हमारा अचेतन इसे आइडियल मानता है।

जैसा हरिवंश राय बच्चन ने मधुशाला में लिखा- 'प्यार नहीं पा जाने में है, पाने के अरमानों में! पा जाता तब, हाय, न इतनी प्यारी लगती मधुशाला।' यानी, हासिल करने में प्यार उतना खास नहीं लगता जितना उसे पाने की तड़प में।

## एक के लिए तो गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है नाम

# सिर्फ भारतीय फिल्मों में होती हैं ये 7 अजीब चीजें

*__नई दिल्ली।__ बात जब फिल्मों की आती है तो हम अक्सर बातें करते हैं कि बॉलीवुड वाले हॉलीवुड के टक्कर की फिल्में नहीं बना पाते हैं। कभी वीएफक्स तो कभी कोरियन सिनेमा जैसी सादगी हमारी फिल्मों में मिसिंग रहने की बात उठती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि भारत साल भर में इतनी फिल्में रिलीज करता है जितनी दुनिया भर में और कहीं नहीं होती हैं। इतना ही नहीं और भी कई ऐसी बातें हैं जो भारतीय सिनेमा को बाकी फिल्म इंडस्ट्रीज से अलग बनाती हैं। तो चलिए जानते हैं भारतीय सिनेमा के बारे में 7 रोचक तथ्य।*

### फिल्मों की फैक्ट्री है अपना इंडिया

***दुनिया*** को लगता है कि हॉलीवुड सबसे बड़ा है, लेकिन सच यह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाला देश है। जहां हॉलीवुड साल भर में लगभग 700-800 फिल्में बनाता है, वहीं भारत हर साल 1,500 से 2,000 के बीच फिल्में रिलीज करता है।

### बिना गानों की फिल्म का पिटना तय

***हॉलीवुड*** या यूरोपियन सिनेमा में फिल्में बिना गानों के होना सामान्य बात है, वहां 'म्यूजिकल' एक अलग जॉनर होता है। लेकिन, भारत में उल्टा है। यहां बिना गानों की फिल्म बनाना एक बहुत बड़ा जोखिम माना जाता है। भारतीय फिल्मों में औसतन 5-6 गाने होते हैं, जो फिल्म की मार्केटिंग और कमाई का आधा जरिया होते हैं।

### स्टार्स का दूध अभिषेक और मंदिर

***यह*** दुनिया के किसी और देश में नहीं होता। दक्षिण भारत में जब किसी बड़े सुपरस्टार की फिल्म रिलीज होती है, तो फैंस उनके कट-आउट्स को दूध से नहलाते हैं। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन और सोनू सूद जैसे स्टार्स के तो भारत में बाकायदा मंदिर भी बने हुए हैं।

### क्यों दुनिया से उलटा चल रहा इंडिया?

दुनिया भर की सिनेमा इंडस्ट्री आज 90 मिनट से 2 घंटे की फिल्मों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन भारतीय दर्शक आज भी 'पैसा वसूल' अनुभव के लिए कम से कम 2.5 से 3 घंटे की फिल्म की उम्मीद करते हैं। भारत में फिल्म देखने जाना मतलब पूरा दिन इसके लिए निकालना पड़ता है। क्योंकि, कई बार 3 घंटे की फिल्म और इंटरवल फिर फिल्म से पहले और बाद थोड़ा घूमना-फिरना पूरा दिन लेता है।



### सिर्फ यहां का बोर्ड लगाता है ऐसे नियम

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां फिल्मों में स्मोकिंग या शराब के सीन आने पर स्क्रीन के नीचे 'चेतावनी' दिखाना जरूरी है। विदेशी फिल्मों को भी भारत में रिलीज होते समय इन नियमों का पालन करना पड़ता है, जो बाहर के फिल्ममेकर्स के लिए काफी अजीब अनुभव होता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा फिल्मी परिवार

भारतीय सिनेमा जगत में 'नेपोटिज्म' की खूब चर्चा तो होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि इसी वजह से हमने गिनीज बुक में भी जगह पाई है। कपूर खानदान का नाम 'गिनीज वर्ल्ड बुक' में दर्ज है, क्योंकि उनकी एक ही परिवार की पांच पीढ़ियां (पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर-करीना तक) सिनेमा जगत का हिस्सा रही हैं।

### कहीं नहीं मिलती ऐसी फैन फॉलोइंग

आपको जानकर हैरानी होगी कि राज कपूर रूस में वहां के लोकल हीरोज से ज्यादा पॉपुलर थे। वहीं, रजनीकांत का जापान में इतना जबरदस्त क्रेज है कि वहां उनकी फिल्मों के खास शोज चलते हैं। मिथुन चक्रवर्ती का 'डिस्को डांसर' अवतार आज भी रूस और मिड एशिया के देशों में एक कल्ट माना जाता है।

## खबर संक्षेप

### गांव मोड़ी में आयोजित सरसों खेत दिवस

**महेंद्रगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अनुसूचित जाति उपपरियोजना जोधपुर के अंतर्गत गांव मोड़ी में सरसों खेत दिवस आयोजित किया गया। इसके आयोजक एवं पौध रोग वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र यादव ने बताया कि सरसों फसल में मुख्यत तना गलन और सफेद रतवा की बीमारी का मौसम अनुकूल होने पर आक्रमण हो जाता है, जिससें किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने बिजाई के समय बावेस्टिन दवा दो ग्राम दवा को प्रति किलोग्राम बीज के हिसाब से सूखा उपचार करके बिजाई करनी चाहिए तथा पानी देने के बाद बिजाई के 45 दिन तथा 65 दिन पर बाविसटीन दवाई से ही 200 ग्राम दवाई 200 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ छिड़काव करने की सलाह दी व किसानों को फसल चक्र पर जानकारी दी।

### बाल विवाह पर छात्राओं को किया जागरूक

**नारनौल।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के 100 दिवसीय जन जागरूकता अभियान तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय कृष्ण नगर में बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. सुमन यादव ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। प्राचार्या डॉ. सुमन यादव ने कहा कि बाल विवाह न केवल एक सामाजिक बुराई है, बल्कि यह विधि द्वारा दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल विवाह से किशोरियों की शिक्षा बाधित होती है, उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य पर गंभीर असर पड़ता है।

### शिव परिवार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

**नारनौल।** रातां कलां निवासी प्रमुख समाजसेवी एलसी जोशी परिवार ने अपने पूर्वजों के गांव बेवल के धार्मिक स्थल शिवालय मंदिर का नवीनीकरण किया है। इस नेक कार्य, समाजसेवा व सनातन वैदिक संस्कृति को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान के लिए बेवल गांव में प्रजा भलाई संगठन के नेता अतरलाल ने एलसी जोशी को पगड़ी पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जोशी परिवार द्वारा हवन यज्ञ कर नवीनीकरण किए शिवालय में विधि विधान से शिव परिवार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। अतरलाल ने कहा कि जोशी परिवार ने अपने पूर्वजों द्वारा बनाए गए पुराने शिवालय का नवीनीकरण कर अपनी जड़ों से जुड़ने की मिसाल पेश की है।

### पीजी कॉलेज में स्पर्धाओं का आयोजन

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के सानिध्य में राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा के तहत स्लोगन राइटिंग वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. हवासिंह ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिताएं छात्रों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करती हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पलक ने बताया कि महाविद्यालय की लगभग छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को हस्तकला में निपुण बनाना है। डॉ. नरेश यादव ने प्रतियोगिता का परिणाम बताते हुए बताया कि पोस्टर मेकिंग में लक्ष्या प्रथम, नितेश द्वितीय, शांभवी तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन में लक्ष्य प्रथम, कनक द्वितीय, हनी तृतीय स्थान पर रही।

### बार एसोसिएशन ने जजों का किया अभिनंदन

**कनीना।** बार एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बार प्रधान मंजीत कोटिया व सदस्यों ने नवनियुक्त जज जेएमआईसी पीयूष कुमार व फैमिली कोर्ट जज केपी सिंह का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बार, बेंच के तालमेल से परिवाद निपटाने में तेजी आएगी।

## राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग का भव्य समापन

# विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए सांस्कृतिक एवं खेल कार्यक्रमों का होना जरूरी : कंवर सिंह

**रागिनी में निखिल, हिंदी कविता में राहुल, हरियाणवी कविता में निखिल, हरियाणवी नृत्य में जानवी ने हासिल किया प्रथम स्थान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। विधायक को सम्मानित करते कॉलेज स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग का समापन हो गया है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पविता यादव ने बताया कि उमंग कार्यक्रम विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने और उन्हें मंच प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने हरियाणवी रागनी, कविता पाठ, भजन, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर कैप्टन डॉ. शमशेर सिंह ने मुख्यातिथि का औपचारिक परिचय प्रस्तुत किया। मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय क्षेत्र के श्रेष्ठ महाविद्यालयों में से एक है, जहां शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक, खेल एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी प्रतिभा निखरकर सामने आती है, जिससे वे भविष्य में देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को समय-समय पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं वैज्ञानिक गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध कराया जाता है, ताकि उनकी प्रतिभाओं का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. डॉ. सोमवीर, डॉ. परमीत कुमारी एवं अंशु यादव ने निभाई। समापन समारोह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### प्रतियोगिता में ये रहे परिणाम

दूसरे दिन आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में हरियाणवी रागनी में निखिल ने प्रथम, अर्जुन ने द्वितीय तथा अमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी कविता में राहुल प्रथम, संतोष द्वितीय तथा दिनेश एवं नेहा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी कविता में निखिल प्रथम, संतोष द्वितीय तथा देशराज तृतीय स्थान पर रहे। हरियाणवी नृत्य (फीमेल) में जानवी ने प्रथम, संतोष ने द्वितीय तथा उमंग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत श्लोक उच्चारण में दिनेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी कविता में यश गोयल ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पंजाबी कविता में प्रियंका प्रथम स्थान पर रहीं। जनरल सॉन्ग प्रतियोगिता में मुकुल ने प्रथम तथा अमन एवं पायल ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं हरियाणवी नृत्य (मेल) में अर्जुन ने प्रथम तथा मनुज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने आमंत्रण के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. पविता यादव ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि से किया सम्मानित

विधायक कंवर सिंह यादव ने प्रतिभागियों को पचास हजार रुपये की नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कृति अथवा खेल से संबंधित किसी भी प्रकार की सुविधा की आवश्यकता होने पर उनकी मांगों को राज्य सरकार के समक्ष अवश्य रखा जाएगा, ताकि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहयोग मिल सके। हरियाणवी संस्कृति का उल्लेख करते हुए कंवर सिंह यादव ने कहा कि हरियाणा वीरों की भूमि है, जिसकी शौर्य एवं शहादत की परंपरा अद्वितीय है। यहां के लोग अपनी सादगी, साहस और विशेष पहचान के लिए पूरे देश में जाने जाते हैं। संकट की घड़ी में हरियाणा के वीर सपूतों ने सदैव देश की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है।

## बसंतोत्सव त्योहार छात्राओं के विकास में सहायकः प्राचार्य


नारनौल। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती कॉलेज की छात्राएं।

**नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय में संगीत विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय बसंतोत्सव एवं सांस्कृतिक महोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं की सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा भारतीय कला, संस्कृति और जीवन मूल्यों को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि "बसंतोत्सव जैसे आयोजन छात्राओं के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास एवं सृजनात्मक क्षमताओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होती हैं।" इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. यशपाल ने अपने संबोधन में अध्यात्म एवं बसंतोत्सव की थीम को अत्यंत सारगर्भित ढंग से प्रस्तुत किया।

## हकेंवि में अंतरराष्ट्रीय वैदिक संगोष्ठी आज, 10 देशों के प्रतिनिधि लेंगे भाग

- 300 से अधिक विद्वान, शोधार्थी व शिक्षाविद करेंगे प्रतिभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। हकेंवि भवन।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ एवं केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वैदिक संगोष्ठी बुधवार से आयोजित हो रही है। हाइब्रिड मोड में आयोजित यह संगोष्ठी भारतीय ज्ञान परम्परा में चिंतन के आयाम एवं युगद्रष्टा महर्षि दयानंद सरस्वती पर केंद्रित है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह संगोष्ठी भारतीय दर्शन का एक नया आयाम स्थापित करेगी। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सुमन ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ लगभग 10 देशों के 300 से अधिक विद्वान आचार्यगण, शोधार्थी एवं शिक्षाविद प्रतिभागिता करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक यज्ञ के साथ होगा। संगोष्ठी में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी, दिल्ली विश्वविद्यालय जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़, हिमाचल केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला आदि से विशेषज्ञ कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रतिभागिता करेंगे।

## गौड़ ब्राह्मण सभा में होली मिलन समारोह 1 मार्च को

**नारनौल।** गौड़ ब्राह्मण सभा की ओर से होली मिलन समारोह एवं नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम एक मार्च को आयोजित किया जाएगा। सभा सदस्य नरेश जोशी ने प्रेस के नाम जारी बयान में दी। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले के नीरपुर निवासी स्वर्गीय डॉ. जेएस यादव के पुत्र अरविंद यादव (मेजर जनरल), जिन्हें भारतीय सेना में उनकी विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया है, का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। सभा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश महता तथा उनकी कार्यकारिणी की ओर से यह कार्यक्रम एक मार्च को प्रातः 10:30 बजे होली मिलन समारोह के दौरान आयोजित होगा।

## बिहाली गोशाला के सातवें वार्षिक उत्सव के तीसरे दिन कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

- भजनों के माध्यम से कलाकारों ने गोमाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



मंडी अटेली। बिहाली गोशाला में रंगारंग प्रस्तुति देते कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

श्री कृष्ण गोपाल गोशाला बिहाली में वार्षिकोत्सव की तीसरे दिन की शुरुआत मदनलाल सरपंच रामपुरा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें संजय पटेल की पार्टी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें मुख्य कंचन यादव ने अपनी प्रस्तुति दी। गायक कलाकारों ने अपने भजनों के माध्यम से बताया कि गोमाता को भारतीय संस्कृति, धर्म और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमारे पूर्वजों ने गोसेवा को सर्वोच्च स्थान दिया है और हम सभी का कर्तव्य है कि इस परंपरा को आगे बढ़ाएं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीरसिंह यादव ने 51 हजार, विशिष्ट अतिथि बलबीर सिंह मैनेजर 51 हजार, महिला मंडल बिहाली ने एक लाख 21 हजार 21 रुपये, पूर्व प्राचार्य सुमेर सिंह ने 5100, सीताराम सरपंच बिहाली 11 हजार, जबकि गोशाला के लिए अनेक दानदाताओं ने दान किया। अंत में गोशाला प्रधान महावीर सिंह ने बाहर से आए अतिथिगणों का मान सम्मान किया गया।

## युवाओं को राष्ट्र एकता की मिलेगी प्रेरणाः दयाराम

**नांगल चौधरी।** सकल हिंदू समाज का सम्मेलन 20 फरवरी को नांगल चौधरी अनाज मंडी में आयोजित होगा। जिसमें राष्ट्र की एकता और युवाओं के चरित्र निर्माण पर मंथन किया जाएगा। साथ ही समाज में फैली नशाखोरी, भ्रूण हत्या के रोकथाम की रूपरेखा बनाई जाएगी। कार्यक्रम में स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल करने के लिए मंडल वाइज सम्मेलन के आयोजन का शेड्यूल बनेगा। दयाराम यादव ने बताया कि हिंदू समाज की विचारधारा में राष्ट्र हित और एकता भावना समावेशित है। लेकिन बीते दशक से पश्चिमी देशों की संस्कृति का प्रभाव बढ़ गया जिससे संगीन अपराधों का ग्राफ बढ़ गया है। इसके बाद हलके के अन्य मंडलों में भी कार्यक्रम निर्धारित किए जाएंगे।

## रामबास में बेटी का घोड़ी पर बैठा निकाला बनवारा

- 19 फरवरी को राजस्थान के रोहित से होगी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


मंडी अटेली। घोड़ी पर बैठाकर बेटी का बनवारा निकालते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

गांव रामबास में एक बेटी की शादी से पूर्व परिजनों ने उसका धूमधाम से घोड़ी पर बैठाकर बनवारा निकाला। यह गांव राजस्थान की सीमा के साथ लगा हुआ है। जिसके चलते आसपास के गांवों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। रामबास गांव निवासी महेंद्र सिंह राजपूत व उनकी पत्नी मधु ने समाज में व्याप्त लड़का-लड़की के भेदभाव को नकारते हुए अपनी 21 वर्षीय बेटी मोना का बनवारा घोड़ी पर बैठाकर निकालने का निर्णय लिया। परिवार के इस कदम को ग्रामीणों ने खुले दिल से सराहा।

इस अवसर पर मोना को घोड़ी पर बैठाकर बनवारा परंपरागत तरीके से पूरे गांव में घुमाया गया। घोड़ी, सजावट और बारात जैसे माहौल ने पूरे आयोजन को उत्सव में बदल दिया। लड़की के पिता ने बताया कि मोना की शादी 19 फरवरी को राजस्थान के झुंझुनूं जिला के दुलवा निवासी राहित से होगी।

### बेटी के बनवारे से दिया समानता का संदेश

**मंडी अटेली।** सिहमा खंड के गांव अटाली में बेटियों के सम्मान की एक अनोखी मिसाल पेश की गई। गांव के रिटायर्ड मुख्य अध्यापक बाबूलाल मास्टर के मनमोहन शर्मा ने अपनी बेटी कल्पना शर्मा का बनवारा पूरे गांव में घोड़ी पर बैठाकर निकला। इस पहल के माध्यम से बेटा-बेटी की समानता का संदेश समाज तक पहुंचाया गया। इस मौके पर कल्पना के पिता मनमोहन शर्मा ने बताया कि बदलाव का दौर है। देश व विदेश का नेतृत्व आज बेटियों के हाथ में है। अशिक्षा के कारण जहां पहले बेटियों को समाज में बोझ समझा जाता था। वहीं अब शिक्षा और जागरूकता की वजह से जनता की सोच में बदलाव देखने को मिल रहा है।

## यदुवंशी कॉलेज की छात्राओं ने लहराया परचम



**नारनौल।** हाल ही में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से रसायन विज्ञान पांचवां सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। हर बार की तरह इस बार भी यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने बहुत ही बेहतरीन परिणाम दिया। कॉलेज की छात्रा संगम पुत्री विनोद कुमार ने विश्वविद्यालय में सातवां स्थान व मुस्कान यादव पुत्री देवेन्द्र कुमार ने नौवां स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों का परिणाम भी बहुत ही सराहनीय रहा। डॉ. प्रदीप यादव ने कहा कि आपकी उपलब्धियां संस्थान का गौरव हैं। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी। इस मौके पर संस्था निदेशिका सुरेश यादव, डॉ. प्रदीप यादव, प्राचार्य बजरंग लाल, डॉ. सोनल यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्ररेणा दी।

## अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

# स्कूली बच्चों के पास 50 हजार जीतने का सुनहरा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। मुख्य डाकघर।

भारतीय डाक विभाग की ओर से यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 55वीं अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता 2026 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए डाक अधीक्षक भिवानी मंडल ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में पत्र लेखन की कला को जीवित रखना और उनके विचारों को वैश्विक मंच प्रदान करना है। इस वर्ष की प्रतियोगिता का विषय एक मित्र को पत्र लिखें कि डिजिटल दुनिया में मानवीय संपर्क, क्यों मायने रखता है, रखा गया है। प्रतियोगिता में नौ से 15 वर्ष की आयु के स्कूली छात्र भाग ले सकते हैं, प्रतिभागी की आयु पांच मई 2026 से पहले 16 वर्ष नहीं होनी चाहिए। पत्र स्वयं की हस्तलिपि में होना चाहिए और इसकी अधिकतम सीमा 800 शब्द है। प्रतिभागी हिंदी, अंग्रेजी या संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किसी भी भारतीय भाषा में पत्र लिख सकते हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को राष्ट्रीय और हरियाणा परिमंडल स्तर पर नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

### ये रहेंगे पुरस्कार

**राष्ट्रीय स्तरः** प्रथम पुरस्कार 50000, द्वितीय 25000 व तृतीय 10000 रुपये।
**हरियाणा सर्किल स्तरः** प्रथम पुरस्कार 25000, द्वितीय 10000 और तृतीय 5000 रुपये।
राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम चुनी गई प्रविष्टि को स्विट्जरलैंड में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। जहां स्वर्ण पदक विजेता को बर्न स्विट्जरलैंड की यात्रा का अवसर भी मिल सकता है।

### आवेदन व जमा करने की प्रक्रिया

इच्छुक छात्र अपने आवेदन पत्र की दो प्रतियों के साथ आयु प्रमाण पत्र (जैसे आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र) की फोटोकॉपी संलग्न कर इसे पोस्टमास्टर नारनौल या सीधे डाक अधीक्षक भिवानी मंडल के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। पत्र के पहले पृष्ठ पर छात्र का नाम, जन्म तिथि, लिंग, पिता का नाम, स्कूल का नाम और पूरा पता होना अनिवार्य है। प्रवर अधीक्षक कार्यालय में प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि पांच मार्च निर्धारित की गई है, ताकि समय रहते इन्हें मुख्य कार्यालय भेजा जा सके।

**OFFICE OF MUNICIPAL COMMITTEE KANINA, DISTT. MAHENDERGARH**
**PHONE: 01285-235220**
**E-mail: municipalcommitteekanina@gmail.com**

## सार्वजनिक सूचना

सभी जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा नगरपालिका नागरिक भागीदारी अधिनियम 2008 के अन्तर्गत नगरपालिका कनीना के प्रत्येक वार्ड में वार्ड कमेटी का गठन किया जाना है। उपरोक्त अधिनियम के तहत नगरपालिका कनीना द्वारा प्रत्येक वार्ड से वार्ड कमेटी में 03 से 07 आमजन को बतौर सदस्य सम्मिलित किया जाना है। अतः प्रत्येक वार्ड के आमजन से अनुरोध है कि जो भी व्यक्ति/आमजन वार्ड कमेटी का सदस्य बनना चाहता है, वह दिनांक 20-02-2026 को सांय 05:00 बजे तक नगरपालिका कनीना कार्यालय में अपना आवेदन दे सकता है। हरियाणा नगरपालिका नागरिक भागीदारी अधिनियम 2008 के अन्तर्गत अन्य नियम व शर्तें नगरपालिका कनीना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**सचिव**
**नगरपालिका कनीना**

**खबर संक्षेप**

### लॉर्ड कृष्णा स्कूल के हिमांशु ने पाई जेईई में सफलता



**नारनौल।** लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल के छात्र हिमांशु पुत्र लीलाराम सिहमा ने जेईई परीक्षा में 99.99 परसेंटाइल प्राप्त की है। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन पृथ्वी सिंह ने सभी को सफलता पाने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि बच्चों व अध्यापकों का कठिन परिश्रम रंग लाया है। मेहनत ने इनको इस मुकाम तक पहुंचाया है। अब आगे की तैयारी के लिए इसी उत्साह व विश्वास के साथ आगे बढ़ते रहें।

### खड़े टैंपों से दो बैटरियां चोरी पुलिस में शिकायत दर्ज

**महेंद्रगढ़।** शहर के मौहल्ला खटीकान के वार्ड नंबर 13 में अज्ञात चोरों द्वारा खड़े टैंपों से बैटरियां चोरी करने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शांता कुमार पुत्र महाबीर प्रसाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 फरवरी की रात करीब 3:40 बजे उनके घर के पास खड़े टैंपों से किसी अज्ञात व्यक्ति ने बैटरी चोरी कर ली।

### हड़ताल के चौथे दिन कॉलेज में धरना स्थल पर पहुंचे आयुर्वेद ज्वाइंट डायरेक्टर बिजेंद्र सिंह हुड्डा

**बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल के छात्रों ने गत 2 फरवरी से की थी चार दिवसीय हड़ताल**

# बीएएमएस छात्रों से हड़ताल में किया एक 'वादा' पूरा, रोडवेज 'बस चालू'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आयुर्वेद कॉलेज पटीकरा के बीएएमएस छात्र–छात्राओं से हड़ताल के दौरान किया गया एक 'वादा' पूरा हो गया है। कॉलेज प्रशासन की डिमांड पर हरियाणा रोडवेज की एक 'बस चालू' कर दी गई है। इससे बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल के प्रशासन के साथ–साथ बीएएमएस छात्र–छात्राओं, कर्मचारियों एवं मरीजों में खुशी की लहर दौड़ गई है।



नारनौल। डा. श्रीनिवास गुज्जरवार, प्राचार्य। व आयुर्वेद कॉलेज पहुंची रोडवेज की बस। फोटो: हरिभूमि

कॉलेज प्रशासन एवं छात्रों ने इस बस के चलने पर खुशी जाहिर करते हुए उच्चाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। बता दें कि बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल पटीकरा ने बीएएमएस छात्र–छात्राओं ने विभिन्न मांगों को लेकर गत दो फरवरी से पांच फरवरी तक चार दिवसीय हड़ताल की थी। छात्रों की मांग हॉस्टल, कैंटीन खुलवाने के साथ–साथ रोडवेज बस की डिमांड भी प्रमुख थी। छात्रों का कहना था कि उन्हें कॉलेज से बस स्टैंड के लिए कोई साधन नहीं मिलता है तथा छात्र खासकर छात्राएं आते–जाते वक्त असुरक्षा, डर एवं परेशानी महसूस करती हैं। हड़ताल के दौरान तब पांच फरवरी को आयुर्वेद विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर बिजेंद्र सिंह हुड्डा ने कॉलेज का दौरा किया था और हड़ताली छात्रों से सीधे धरना स्थल पर जाकर बातचीत की थी। तब हड़ताली छात्रों ने उन्हें अपनी मांगों से अवगत कराया था, जिनमें से एक रोडवेज बस की डिमांड के लिए ज्वाइंट डायरेक्टर ने कॉलेज प्रशासन को बस सुविधा के लिए जिला प्रशासन एवं रोडवेज अधिकारियों से तालमेल करने निर्देश दिए थे। उसी का परिणाम है कि कॉलेज प्रशासन ने रोडवेज जीएम देवदत्त से संपर्क किया और उन्हें बीएएमएस छात्रों की समस्या एवं मांग से अवगत कराया।

**यह बोले प्राचार्य**



कॉलेज के लिए परिवहन विभाग ने रोडवेज की बस चालू कर दी है। यह बस सवेरे एवं शाम को बस स्टैंड से कॉलेज आएगी और जाएगी। इससे कॉलेज एवं अस्पताल स्टॉफ के छात्र–छात्राओं, रोगियों एवं कर्मचारियों को सुविधा मिल गई है। इसके लिए रोडवेज जीएम, डीसी साहब, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, विधायक ओमप्रकाश यादव एवं विभाग के डीजी साहब का धन्यवाद है।
-डा. श्रीनिवास गुज्जरवार, प्रिंसिपल–कम–एमएस, आयुर्वेद कॉलेज, पटीकरा।

**दिन में दो चक्कर लगाएगी बस**

जीएम रोडवेज की ओर से आयुर्वेद कॉलेज प्रशासन को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है कि वह विद्यार्थी, कर्मचारियों एवं रोगियों को यातायात सुविधा देने के लिए स्पेशल बस का अनुरोध किया गया था। इस बार में अवगत कराया जाता है कि 16 फरवरी से नारनौल बस स्टैंड से बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल पटीकरा के लिए प्रातः 8 बजे एवं सायं 4 बजे स्पेशल बस का संचालन कर दिया गया है। रोडवेज की ओर से यह पत्र 16 फरवरी को ही जारी किया गया तथा 16 फरवरी से ही रोडवेज बस को भी चालू कर दिया गया है। यह बस मध्यम दर्जे की है और दिन में दो बार कॉलेज से बस स्टैंड तक आएगी और जाएगी।

**महिला कॉलेज के आगे रुकेंगी बसें**



**महेंद्रगढ़।** नारनौल–दादरी स्टेट हाईवे पर स्थित महिला महाविद्यालय के सामने मुख्य सड़क पर अब हरियाणा राज्य परिवहन की सभी बसों का ठहराव होगा। इस बारे में जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि महेंद्रगढ़ का महिला कॉलेज शहर से बाहर स्थित है। शहर के बस अड्डे से इसकी दूरी लगभग तीन किलोमीटर है। ऐसे में यहां पढ़ने वाली बच्चियों को बस अड्डे से कॉलेज पहुंचने में भारी परेशानी होती है। उन्हें या तो प्राइवेट ऑटो से जाना पड़ता है, जिसमें उनपर आर्थिक बोझ पड़ता है या फिर पैदल जाने में समय बहुत लगता है। इस समस्या को लेकर कॉलेज में पढ़ने वाली बच्चियों ने उनके सामने ये विषय रखा था। कॉलेज में पढ़ने वाली इन बच्चियों की इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने सांसद धर्मबीर सिंह के भिवानी निवास पर उनसे मुलाकात की थी। सांसद ने जिला उपायुक्त को पत्र लिखकर इस समस्या के जल्द-से-जल्द समाधान बारे कहा था। अब हरियाणा राज्य परिवहन के महाप्रबंधक की ओर से पत्र जारी कर कॉलेज के सामने ठहराव सुनिश्चित करने के निर्देश सभी बस चालकों को दे दिए हैं।

## सूरज स्कूल का जेईई मेन्स में बेहतरीन परिणाम



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन्स की परीक्षा में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम बेहतरीन रहा। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में सर्वाधिक रिया गुप्ता ने 99.96, आयुष धीमान ने 99.29, आदित्य ने 99.20, हर्ष गुलाटी ने 99.16, अक्षज खंडेलवाल ने 98.96 पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में भावेश ने 98.61, आर्शिया सिंह ने 98.50, जिज्ञासु ने 98.31, चेतन्य ने 98.30, भूपेश कुमार ने 98.25, प्रियांश पाठक ने 97.98, प्रथम ने 97.90, तरूण ने 97.9, शिनू राठी ने 97.78, कुशाग्र अग्रवाल ने 97.63, सिद्धार्थ दांगी ने 97.6, लव शर्मा ने 97.51, सिद्धांत कुमार सिंह ने 96.85, अगस्त्य सिंह गंगवार ने 96.8, सोहम कुच्छल ने 96.75, नंदनी ने 96, श्रद्धानन्द कुमार ने 95.8, प्रिंस कुमार ने 95.29, पीयूष ने 95.1, मुकुल राठी ने 95.09, तन्मय ने 95, दिया फौजी ने 94.27, अबीर कुमार ने 94.24, कुणाल यादव ने 94.08, खुशी चौधरी ने 93.9, हर्षल फोसी ने 93.56, हर्ष यादव ने 93.38, लिजा ने 93.11, रितिक ने 93.04, हर्ष चौधरी ने 92.8, भावेश ने 92.76, हर्ष देव ने 92.76, तन्वी ने 92.67, आर्यन ने 91.76, हिमांशी ने 91.72, हिमांशु मीना ने 91.72, मयंक ने 91.71, रोहित ने 91.69, दीक्षा चौधरी ने 90.73, विकास ने 90.67, युवराज ने 90.63, यश कुमार ने 90.62, महक शर्मा ने 90.30, किट्टू ने 90.1, योगेश ने 90 सहित अन्य बहुत से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने श्रेष्ठतम पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया किया।

## जेईई मेंस में हैप्पी स्कूल के 51 विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन


आर्यन। आशीष। सृष्टि।

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 51 विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय तथा जिले का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन से विद्यालय परिसर में उत्साह और हर्षोल्लास का वातावरण व्याप्त है। इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के अध्यापक राजेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, प्रदीप यादव, प्रशांत कुमार तथा विंग प्रभारी संजीव कुमार का विशेष योगदान रहा। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल, संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल एवं मैनेजर चंचल अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा में आर्यन सिंह पुत्र नवनीत यादव ने 99.83 परसेंटाइल, आशीष पुत्र सुनील कुमार ने 99.52, सृष्टि पुत्री मुकेश कुमार ने 98.39, शब्द पुत्र अशोक कुमार ने 95.39, कार्तिक पुत्र संदीप कुमार ने 95.33, ऋतिक पुत्र धर्मवीर ने 95.101 तथा इशिका पुत्री दिनेश कुमार ने 95 परसेंटाइल अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह उत्कृष्ट परिणाम विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। अंत में विद्यालय स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि हैप्पी स्कूल के विद्यार्थी आगामी परीक्षा में भी शानदार सफलता अर्जित कर नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

## जेईई मेन परीक्षा में बीआर ज्ञानदीप का परचम



**महेंद्रगढ़।** सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप विद्यालय के विद्यार्थियों ने जेईई मेन की परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। यह परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जाती है। विद्यालय के 24 से अधिक विद्यार्थियों ने इस कठिन प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिश्रम, लगन और अनुशासन का यह उज्ज्वल परिणाम विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक परंपरा का सजीव प्रमाण है। छात्र रोहित ने 96 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं छात्रा खुशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 96 परसेंटाइल अंक अर्जित किए। इसके अतिरिक्त उत्सव, जितेश, प्रियंशी, लविश, तनिष, सिमरन, जतिन, दिव्या, मिलन, यश, दिव्यांशु, जतिन, प्रवीण, तमन्ना सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी परीक्षा उत्तीर्ण की हैं। प्राचार्य रामवीर यादव ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की अथक साधना, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के अटूट विश्वास का प्रतिफल है।

## टैगोर स्कूल का जेईई मेंस में शानदार प्रदर्शन




**महेंद्रगढ़।** टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने जेईई मेंस परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की हैं। 21 से 29 जनवरी के बीच आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में विद्यालय के कुल 76 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। परिणाम के अनुसार 17 विद्यार्थियों ने 95 परसेंटाइल से अधिक, 26 विद्यार्थियों ने 90 परसेंटाइल से अधिक तथा अन्य विद्यार्थियों ने 80 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के छात्र लकी पुत्र दिनेश ने 99.09 परसेंटाइल प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। खुशी पुत्री अक्षय ने 98.71 परसेंटाइल (गणित 92.4, भौतिकी 98.07 व रसायन विज्ञान 98.97) प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मानविक पुत्र सुनील ने 97.234 परसेंटाइल, स्पर्श पुत्र नीरज ने 96 परसेंटाइल तथा प्रवेश पुत्र सतीश ने 96.04 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय सीईओ डॉ. निशा यादव ने कहा कि यह परिणाम निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल उच्च परसेंटाइल प्राप्त कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की हर चुनौती के लिए तैयार करना है। प्रिंसिपल वीरेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने नियमित अध्ययन, टेस्ट सीरीज और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता हासिल की है। चेयरमैन बीएल यादव ने कहा कि टैगोर स्कूल सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह परिणाम उसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## जेईई मेन में आरपीएस के 44 विद्यार्थियों ने रचा इतिहास




**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 44 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया इतिहास रचा हैं। आरपीएस के मयंक कुमार ने 99.96 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाईल प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि पूर्व में भी आरपीएस के कृष्ण कुमार ने क्लैट में ऑल इंडिया कैटेग्री रैंक वन, इंटरनेशनल जूनियर सांईस ऑलम्पियाड में भव्या गुनवाल व आदिश जैन ने गोल्ड मेडल व इंटरनेशनल कॉमर्स ऑलम्पियाड में राहुल व अंशु ने इंटरनेशनल रेंक वन व पूर्वा सिंह ने सीयूईटी में ऑल इंडिया रैंक थी प्राप्त की थी। सीईओ इंजी मनीष ने बताया की मयंक कुमार ने 99.96 परसेंटाइल, भव्य सतिजा ने 99.95, सुमित यादव ने 99.92, आर्यन श्योराण ने 99.89, विनित कुमार ने 99.89, उत्सव कुमार ने 99.85, नैतिक अग्रवाल ने 99.82, प्रतुष सिंह ने 99.79, आर्यन भाद्वाज ने 99.77, खुशी अग्रवाल ने 99.72, रूद्रबल ने 99.72, ईशांत ने 99.67, वैभव महता ने 99.66, प्रिया चौधरी ने 99.63, रिजुल ने 99.61, अंशु ने 99.6, तनमय यादव ने 99.59, रजत मंथीया ने 99.57, मयंक ने 99.56, झलक यादव ने 99.52, रमन लाम्बा ने 99.46, आयुष अग्रवाल ने 99.44, शौर्य शर्मा ने 99.42, काव्या ने 99.41, आयुष कुमार ने 99.39, पंकज कुमार ने 99.37, परिधी जैन ने 99.33, नमन गुप्ता ने 99.32, आदित्य ने 99.30, अंश ने 99.27, लता ने 99.26, शिवम ने 99.25, साहिल ने 99.18, हिमांशु यादव ने 99.17, युवराज वशिष्ठ ने 99.13, चिराग यादव ने 99.13, रिद्मम ने 99.13, खुशी ने 99.12, फ्रियांशी सिंगला ने 99.07, रोहित ने 99.06, जतिन ने 99.03, सिशांत यादव ने 99.03, अगसत्य ने 99.03, शिखर यादव ने 99.02 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया।

## मॉडर्न स्कूल के 4 विद्यार्थी जेईई मेंस में क्वालीफाई




**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जेईई मेंस परीक्षा का प्रथम सत्र का आयोजन गत 21 से 29 जनवरी तक करवाया गया था। इस परीक्षा का परिणाम अब 16 फरवरी को घोषित किया गया, जिसमें मॉडर्न स्कूल के चार विद्यार्थियों ने उच्च स्कोर हासिल करके जेईई-मेस परीक्षा क्वालीफाई किया है। छात्रा योगिता पुत्री अनिल कुमार ने 97.61, सुमित पुत्र धर्मेंद्र ने 95.56, तन्वी पुत्री सुधीर कुमार ने 89.43 तथा कीर्ति प्रिया पुत्र अनिल शर्मा ने 87.26 परसेंटाइल हासिल की। मॉडर्न स्कूल के चार विद्यार्थियों द्वारा जेईई मेंस परीक्षा में उच्च स्कोर हासिल करने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। जेईई मेंस परीक्षा में उच्च स्कोर प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संस्था निदेशक राजकुमार यादव, हवासिंह यादव, प्रबंधन समिति सदस्य मनोज कुमार, नवीन कुमार, प्राचार्य अनिल कुमार, उपप्राचार्य शकुंत शहरावत, वरिष्ठ अध्यापक राकेश कुमार, रामसिंह तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया। निदेशक राजकुमार यादव ने बताया कि हमारे विद्यालय से हर बार प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थी उच्च स्कोर प्राप्त करके अति उत्तम रैंक वाली संस्थान में दाखिले प्राप्त करते हैं।

## देवयानी के विद्यार्थियों का जेईई मैंस में शानदार प्रदर्शन




**महेंद्रगढ़।** देवयानी स्कूल का जेईई मैन्स का रिजल्ट सराहनीय रहा। छात्रा दिव्या पुत्री उदय सिंह ने अधिकतम 95.86, ईशा पुत्री राजेश 95, अंजली पुत्री मोहन ने 91, अनीष पुत्र संजय ने 90 परसेंटाइल के साथ जेईई मेन्स के एग्जाम को क्वालिफाई किया। जनवरी माह में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में स्कूल के आठ बच्चों ने आई आईटी एडवांस के लिए जगह बनाई। प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि बच्चों को उचित मार्गदर्शन, अनुशासन, नियमित पढ़ाई से कठिन लगने वाले परीक्षा में भी सफलता हासिल की जा सकती है। बच्चों ने कक्षा कक्ष की नियमित पढ़ाई की, जिसमें बोर्ड परीक्षा के साथ ही जेईई मेन्स की परीक्षा की तैयारी करवाई जाती रही है। अब ये सभी बच्चे आईआईटी एडवांस के लिए तैयारी जारी रखेंगे, ताकि भारत के टॉप संस्थान में एडमिशन ले पाएं।

## श्रीकृष्णा स्कूल के दो विद्यार्थी रहे जेईई मेंस परीक्षा सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


तमन्ना। वंदना।

देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेंस के परिणाम में श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा। कॉर्डिनेटर सुशील यादव ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय की दो होनहार छात्रा तमन्ना पुत्री तेजेंद्र पाल डेरोली अहीर व वंदना पुत्री छाजूराम निवासी सागरपुर ने शानदार सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि आज की बेटियां शिक्षा और विज्ञान के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र की इन प्रतिभाओं की सफलता यह सिद्ध करती है कि दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन हो तो कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं है। ये विद्यार्थी अपनी मेहनत से देश को एक नई वैश्विक पहचान दिला रहे हैं।

सीईओ कर्मवीर राव ने बताया कि जेईई मेंस क्वालीफाई करने के बाद अब ये दोनों छात्राएं जेईई एडवांस की परीक्षा में बैठने की पात्र हो गई हैं। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

**विकास** | **1.25 करोड़ में सड़क का होगा निर्माण, नारियल फोड़ किया शुभारंभ**

# विकास के लिए अच्छी सड़कों का होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

विधायक ओमप्रकाश यादव ने शहर की विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी भी उपस्थित रही। विधायक ने बताया कि लगभग एक करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से शहर की सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कार्य पूर्ण होने के बाद नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी।


नारनौल। सड़कों का शुभारंभ करते विधायक ओमप्रकाश यादव। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए अच्छी सड़कों का होना अत्यंत आवश्यक है। अच्छी सड़कें न केवल आवागमन को सुगम बनाती हैं, बल्कि समय की भी बचत करती हैं और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देती हैं। प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों से अटेली में बिजली बोर्ड का डिवीजन स्थापित कर दिया गया है। अब अटेली में ही कार्यकारी अभियंता की नियुक्ति होने से क्षेत्र के किसानों और आम नागरिकों को बिजली विभाग से संबंधित कार्यों के लिए नारनौल नहीं आना पड़ेगा। पहले अटेली क्षेत्र के लोगों को लगभग 15 से 20 किलोमीटर दूर नारनौल आना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की हानि होती थी। अब यह सुविधा अटेली शहर में ही उपलब्ध होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस मौके पर डीएमसी रणवीर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल कर रहे है जनता को गुमराहः यादव

**नारनौल।** शहर की बढ़ती आबादी और बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए नया सिटी सेकंड बिजली सबडिवीजन स्थापित किया गया है। यह सबडिवीजन विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव के प्रयासों से संभव हो पाया। विधायक ने बताया कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नारनौल दौरे के दौरान उन्होंने शहर में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नए सबडिवीजन की मांग रखी थी। मुख्यमंत्री ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि नए बिजली सबडिवीजन के बनने से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा, त्वरित शिकायत निवारण और निर्बाध बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। शहर के विस्तार और नई कॉलोनियों को देखते हुए यह निर्णय समय की आवश्यकता था।

### सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन



**नारनौल।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदेश में काटी जा रही वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड में की जा रही कटौतियों व किसान विरोधी ट्रेड डील के विरोध में लघु सचिवालय में धरना-प्रदर्शन किया गया। जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष सत्यवीर यादव ने किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण बुजुर्ग, गरीब व किसान वर्ग अत्यंत परेशान हैं। कांग्रेस पार्टी आमजन के हक और अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी। पूर्व सीपीएस अनीता यादव ने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन व राशन जैसी मूलभूत सुविधाओं में कटौती करना प्रदेश के कमजोर वर्ग पर सीधा आघात है। कांग्रेस पार्टी इन नीतियों का पुरजोर विरोध करती है और जरूरत पड़ी तो जनांदोलन किया जाएगा। किसान कांग्रेस के नेशनल कॉर्डिनेटर कृष्ण राव ने कहा कि किसान विरोधी ट्रेड डील व कृषि संबंधी फैसले किसानों की आय और सम्मान पर प्रहार हैं। कांग्रेस पार्टी किसानों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। कृष्ण राव ने कहा कि कहा कि जिन हाथों ने समाज व प्रदेश को मजबूत बनाने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया, आज वही बुजुर्ग अपने हक के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

### रोटरी क्लब रॉयल्स ने लगाया रक्तदान शिविर



**नारनौल।** रोटरी क्लब रॉयल्स की ओर से मिशन स्वस्थ नारनौल, स्वच्छ नारनौल के अंतर्गत रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से लघु सचिवालय स्थित रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 31 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने की। मुख्य अतिथि ने कहा कि रक्तदान महादान है और ऐसे शिविर समाज में सेवा व मानवता की भावना को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने रोटरी क्लब रॉयल्स की सराहना करते हुए कहा कि क्लब निरंतर जनहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और यह प्रयास निश्चित रूप से जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा। भारती सैनी ने कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य समाज को जोड़ने का माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में ऐसे सेवा कार्यों से जुड़ने का आह्वान किया। क्लब प्रधान दिनेश भार्गव ने बताया कि क्लब की ओर से शीघ्र ही मिशन विरासत के संस्कार के तहत विद्यालयों में भाषण प्रतियोगिता, मिशन उड़ान के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### उन्हाणी के अर्नव ने उत्तीर्ण की जेईई परीक्षा

**कनीना।** गांव उन्हाणी निवासी रविंद्र महलावत के पुत्र अर्नव महलावत ने जेईई की मेंस परीक्षा उत्तीर्ण कर उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि बीती 23 जनवरी को आयोजित की गई इस परीक्षा का परिणाम सोमवार को ही जारी किया गया। जिसमें अर्नव ने 98.62 परसेंटाइल अंक हासिल किया है। इस उपलब्धि के पीछे उनके माता, पिता तथा शिक्षकों का उचित मार्गदर्शन रहा है। अर्नव ने बताया कि प्रतिष्ठित संस्थान से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर देश की सेवा करना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। मा. राजेश कुमार, सुशीला देवी ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है।